रसना निशदिन भज हरि नाम रामकृष्ण श्रीकृष्ण राम

रसना निशदिन भज हरिनाम ,
रामकृष्ण श्री कृष्णराम भज ,रामकृष्ण श्रीकृष्ण राम ,
दोनों सुखकर आनन्दधाम, रामकृष्ण श्रीकृष्ण राम ,
केशव कान्हा चितचोर कहो,या रघुवर अवध किशोर कहो,
रटो नितप्रतिपाल आठों याम, रामकृष्ण श्रीकृष्ण......

मन राघव के चरण गहो, या जानकी रमन की शरण चलो ,
बोलो बनकर दिल से गुलाम, रामकृष्ण श्रीकृष्ण.......

राघव सा कोई कृपालु नही, माधव सा कोई दयालु नही ,
आरत जन के आते हैं काम, रामकृष्ण श्रीकृष्ण........

धनुषधारी मुरालीधारी, जयरघुवंशी जय बनवारी ,
है प्रेमबिन्दु दोनों का धाम, रामकृष्ण श्रीकृष्णराम ,
रसना निशदिन भज हरिनाम ,
रामकृष्ण श्री कृष्णराम भज ,रामकृष्ण श्रीकृष्ण राम ,

Singer - Janhavi
Lyrics - Bindu ji Maharaj
Music Arrange - Ajay Vishwakarma
Created - Chitrakoot Music Production

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/17378/title/rasna-nishdin-bhaj-hari-naam-ram-krishan-shrikrishan-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |